E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 सं0 : 03 / भू0अ0नि0(4) संविदा (जमुई आरोप) –07 / 2024 2095 **पटना, दिनांक** : 25/06/2026

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, जमुई का पत्रांक 2307 दिनांक 26.10.2024 द्वारा श्री मनीष प्रसाद (AEN02535), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरुद्ध कार्य में अनियमितता बरतने संबंधीत आरोप प्रतिवेदित करते हुए नियोजन मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा / प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 14722 दिनांक 23.12.2024 द्वारा श्री मनीष प्रसाद से स्पष्टीकरण की माँग की गयी है। इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर निदेशालय के पत्रांक 3725 दिनांक 24.06.2025 द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है।

तदोपरान्त बन्दोबस्त पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक 607 दिनांक 15.09.2025 द्वारा प्राप्त मंतव्य में "विशेष सर्वेक्षण कार्यो में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने संबंधीत तथ्य अंकित करते हुए श्री प्रसाद को सेवा से मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है"।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 के आलोक में इनका स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाये जाने तथा बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य से सहमत होते हुए "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत तत्काल प्रभाव से श्री मनीष प्रसाद (AEN02535), विशेष सर्वेक्षण अमीन बन्दोबस्त कार्यालय, जमुई का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

Suharsh 24/06/26
(सुहर्ष भगत)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(4) संविदा (जमुई आरोप) –07 / 2024 2095 **पटना, दिनांक** : 25/06/2026

प्रतिलिपि : श्री मनीष प्रसाद (AEN02535), विशेष सर्वेक्षण अमीन बन्दोबस्त कार्यालय, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 24/06/26
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(4) संविदा (जमुई आरोप) –07 / 2024 2095 **पटना, दिनांक** 25/06/2026

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 24/06/26
निदेशक

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(4) संविदा (जमुई आरोप) –07/2024 2095 पटना, दिनांक : 25/06/2024

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

25/06/24.

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।